भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 2434

(जिसका उत्तर मंगलवार, 11 अगस्त, 2015 को दिया गया)

<u>हवाई किरायों में तीव्र वृद्धि के संबंध में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा की गई कार्रवाई</u>

2434. श्री राज बब्बर:

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सी सी आई) एयरलाइनों द्वारा त्योहारों के मौसम तथा गर्मी की छुट्टियों के दौरान किरायों में तीव्र वृद्धि किए जाने के मुद्दे की जांच कर रहा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार आगामी दीवाली के मौसम के दौरान हवाई किरायों के मामले में गुटबंदी में शामिल पाई गई एयरलाइनों पर शास्ति लगाने का विचार रखती है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्री **(श्री अरूण जेटली)**

(क) और (ख): भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने वर्ष 2010 के दीवाली मौसम में एयरलाइंस कंपनियों द्वारा एक साथ भाड़ा बढ़ाने के आरोपों संबंधी एक मामले की स्व-प्रेरणा से जांच की थी। परंतु प्रतिस्पर्धा विरोधी गतिविधियों का साक्ष्य न होने के कारण यह मामला जनवरी, 2012 में बंद कर दिया गया। तथापि एयरलाइंस द्वारा यात्री भाड़ों में गुटबंदी संबंधी एक मामले (संख्या 03/2015) में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने स्व-प्रेरणा से महानिदेशक, सी सी आई को जांच करने के आदेश दिए हैं। तथापि यह मामला त्योहारों के मौसम में भाड़ा वृद्धि से संबंधित नहीं है।

*****